आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–16 नवम्बर 2024 सान्ध्य समाचार

झांसी के महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज के नवजात शिशु सघन चिकित्सा यूनिट में कल रात भीषण आग लगने से दस नवजात शिशुओं की झुलसने और दम घुटने से मौत हो गयी। इस हादसे में करीब चालीस बच्चों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। देर रात फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया। बचाव कार्य में सेना ने भी मदद की। हादसे के समय करीब पचास नवजात शिशु सघन चिकित्सा यूनिट में भर्ती थे। हादसे की जानकारी मिलते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों और चिकित्सकों को तत्काल मौके पर पहुंच कर युद्ध स्तर पर राहत और बचाव कार्य करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने मृतक बच्चों के परिजनों को पांच–पांच लाख रूपये और गम्भीर रूप से घायलों को पचास–पचास हजार रूपये की सहायता राशि उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं। श्री योगी ने पूरे मामले की रिपोर्ट जल्द से जल्द प्रस्तुत करने को कहा है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक तड़के ही प्रमुख सचिव स्वास्थ्य के साथ झांसी के लिये रवाना हो गये। वहां पहुंच कर उन्होंने पूरे मामले की और नवजात शिशुओं के बारे में जानकारी ली।

****

प्रदेश की नौ सीटों के लिये हो रहे उपचुनाव में बीस नवम्बर को होने वाले मतदान से पहले सभी राजनीतिक दलों ने अपने–अपने प्रत्याशियों के लिये पूरी ताकत झोंक दी है। सभी राजनीतिक दलों के प्रमुख नेता और स्टार प्रचारक अपने–अपने प्रत्याशी के पक्ष में जनसभायें और रैलियां कर वोट की अपील कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज कानपुर के सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में आयोजित रोड–शो में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बटेंगे तो कटेंगे, एक रहेंगे तो नेक रहेंगे जैसे नारों को एक बार फिर दोहराया। मुख्यमंत्री ने प्रयागराज के फूलपुर विधानसभा क्षेत्र में एक जनसभा को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश में जो विकास दिख रहा है वह डबल इंजन की सरकार के कारण सम्भव हो सका है। इससे पहले मुख्यमंत्री काशी गये और वहां उन्होंने काशी विश्वनाथ धाम और काल भैरव का दर्शन–पूजन किया। भाजपा के वरिष्ठ नेता और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज मिर्जापुर के मझवां विधानसभा क्षेत्र के शाहपुर चौसा में जनसभा कर अपने प्रत्याशी के पक्ष में वोट मांगे। उधर, समाजवादी पार्टी के सांसद विरेन्द्र सिंह ने आज मिर्जापुर में संवाददाता सम्मेलन कर भदोही के सांसद द्वारा मझवां विधानसभा क्षेत्र में दावत किये जाने पर सवाल उठाया और इस मामले में जिला प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई न किये जाने पर भी सवाल उठाया।

****

प्रदेश के समाज कल्याण राज्य मंत्री असीम अरूण ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वह प्रदेश सरकार की प्राथमिकता वाली मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना को अधिक व्यवस्थित और पारदर्शी तरीके से सम्पन्न करायें। उन्होंने कहा कि इसके लिये बनायी गयी नियमावली का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के लिये जारी निर्देशों के पालन की जिम्मेदारी राज्यमंत्री ने मण्डलायुक्तों को सौंपी। श्री अरूण ने यह भी कहा कि सौ से अधिक जोड़ों के विवाह समारोह में जिलाधिकारी की व्यक्तिगत उपस्थिति अनिवार्य हो।

****

प्रदेश के सभी पूर्वी जिलों में आज सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों की शिकायते सुनी गई और उनकी समस्या के तत्काल निस्तारण का प्रयास किया गया। मऊ जिले के घोसी तहसील में जिलाधिकारी ने अड़तीस शिकायतें सुनीं। इनमें से चार का निस्तारण तत्काल किया गया।

****

कुशीनगर जिले के कसया तहसील के तीन गांव महासोन, लाला गुरवलिया और तरूवनवां के बारह किसानों को सेटेलाईट के जरिये पराली जलाने के आरोप में चिन्हित किया गया है। वहां के उपजिलाधिकारी ने चिन्हित किसानों पर इसके लिए पचीस सौ रूपये का जुर्माना लगाया है।

****

बिजनौर जिला के धामपुर क्षेत्र में एक थ्री व्हीलर वाहन के एक कार से टकरा जाने के कारण हुई दुर्घटना में सात लोगों की मौत हो गयी जबकि अन्य दो लोग घायल हो गये। देहरादून–नैनीताल राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई दुर्घटना में मरने वालों में छह लोग एक ही परिवार के थे और वह एक मांगलिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद अपने गांव जा रहे थे।

****

गोरखपुर के वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में आज प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने अड़सठवीं राष्ट्रीय विद्यालयीय खेलकूद प्रतियागिता ''कुश्ती महाकुंभ'' का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का खेलों को प्रोत्साहित करने पर जोर है, इसी का परिणाम है कि आज प्रदेश देश भर में हो रही खेलकूद प्रतिस्पर्धा में अपना परचम लहरा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की है कि खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन के माध्यम से अधिकारी का पद भी प्राप्त कर सकते हैं। उद्घाटन के बाद प्रतियोगिता में कुश्ती प्रतिस्पर्धा शुरू हो गयी है।

****